हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 22 अगस्त 2025

11 शोभायात्रा के साथ हुआ बाबा कांशीगिरी के वार्षिकोत्सव...


12 'बहादुरगढ़ में बनेगा गेटवे ऑफ हरियाणा स्वागत द्वार'


## खबर संक्षेप

### बहादुरगढ़ में वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया

**बहादुरगढ़।** विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर ऑल अराउंड ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओल्ड एज होम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी की ओर से कर्मजीत छिल्लर ने वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। सोसाइटी के कोऑर्डिनेटर छोटूराम ने बुजुर्गों को स्वास्थ्य का ख्याल रखने को प्रेरित किया।

### मार्केट रेट कमेटी की मीटिंग आयोजित

**बहादुरगढ़।** भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के प्रतिनिधियों ने जिला उपायुक्त कार्यालय में मार्केट रेट कमेटी की मीटिंग में हिस्सा लिया। मार्केट रेट कमेटी में 8 गांवों के किसान प्रतिनिधियों ने अपनी जमीन के वास्तविक मार्केट मूल्य की रिपोर्ट दी। एचटी लाइन के पीड़ित किसानों के मुताबिक वास्तविक मार्केट मूल्य पर पावर ग्रिड मैनेजमेंट के साथ सहमति हो गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र लोहचब, प्रदेश अध्यक्ष कर्मवीर दहिया व राष्ट्रीय महासचिव रोहतास दलाल ने बताया कि यह आंदोलन 13 नवंबर 2023 को शुरु हुआ था और 21 मार्च को भारत सरकार ने किसानों की मांगों के अनुरूप एक मुआवजा पॉलिसी बनाकर लागू की थी। हरियाणा सरकार ने 2 जून को उसी मुआवजा पॉलिसी को लागू करते हुए मार्केट रेट कमेटी का गठन किया था।

### सीएम को गलत बोलने वाले पर हो कार्रवाई

**बहादुरगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करवाने के लिए नायब समर्थकों ने डीसीपी मयंक मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। जसबीर सैनी, रोहित प्रधान, गौरव प्रधान, जीवन सैनी, धर्मबीर सैनी, अतरे मिस्त्री, राजबीर, बिजेंद्र, सुभाष शर्मा व तरुण यादव आदि ने कहा कि कुछ लोग मनीषा हत्याकांड की आड़ लेकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं। ऐसे लोग जिस भाषा में समझें, उसी भाषा में समझाया जाए।

### चोरी के मामले में पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** मकान में चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एसएचओ सुनील कुमार के मुताबिक, लाइनपार की एक महिला ने शिकायत दी थी कि वह रिश्तेदारी में दिल्ली गई हुई थी। लौटकर आने पर उसने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था। दो मोबाइल फोन, सोने के गहने व तीन हजार रुपये गायब थे। शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच की गई। उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार की टीम ने कार्रवाई करते हुए राहुल और भोला निवासी लाइनपार को काबू किया। आरोपियों से चोरी किया गया मोबाइल फोन और कुछ नगदी बरामद की गई है।

### सम्मेलन में उमड़ी भीड़ का आभार जताया

बहादुरगढ़। गत दिवस हुए इनेलो कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ी भीड़ का आभार जताते हुए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी ने इसी उत्साह से 25 सितंबर को ताऊ देवीलाल की जयंती पर रोहतक में आयोजित सम्मान दिवस महारैली में शामिल होने का आह्वान किया। बता दें कि इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी व इनेलो जिला शहरी प्रधान रामनिवास सैनी को सम्मान दिवस महारैली के लिए बहादुरगढ़ हलका प्रभारी नियुक्त किया गया है। शीला राठी ने कहा कि इनेलो का जनाधार दिनोंदिन मजबूत हो रहा है। जनता आज भी इनेलो की नीतियों पर भरोसा करती है। रोहतक महारैली प्रदेश की राजनीति की दिशा तय करेगी और इसमें बहादुरगढ़ की भागीदारी ऐतिहासिक होगी।

## आसौदा में भिवानी की टीचर मनीषा के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन




बहादुरगढ़। गांव आसौदा में मनीषा के समर्थन में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

### आक्रोश

**बहादुरगढ़।** मनीषा की हत्या के संबंध में निष्पक्ष जांच व पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए आसौदा गांव के ग्रामीणों ने शांतिप्रिय प्रदर्शन किया। आसौदा गांव की गलियों में मनीषा के समर्थन में पदयात्रा निकालते हुए उसे इंसाफ दिलाने के लिए आवाज बुलंद की गई। गांव के मुख्य बस स्टैंड से शुरू होकर मेन बाजार की गलियों से दादा बूढ़ा मंदिर होते हुए बस स्टैंड पर ही समाप्त हुई। ऐसी घिनौनी हरकतें रोकने के लिए गांव के युवाओं से नशे आदि से दूर रहने का आह्वान किया गया। बहन बेटियों का मान सम्मान बनाए रखने के लिए भी युवाओं को प्रेरित किया।




बहादुरगढ़। मनीषा को न्याय दिलवाने के लिए कैंडल मार्च निकालते युवा। फोटो : हरिभूमि

### भिवानी की बेटी को न्याय दिलाने को लेकर कैंडल मार्च निकाला

**बहादुरगढ़।** युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सिकंदर प्रधान के नेतृत्व में बहादुरगढ़ के युवाओं ने भिवानी की बेटी मनीषा को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकाला। युवाओं ने हाथों में मोमबत्तियां थामकर मौन जुलूस निकाला और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही दोषियों को जल्द से जल्द सख्त सजा देने की मांग की। कैंडल मार्च में शामिल युवाओं ने भी सरकार से न्यायिक प्रक्रिया को तेज करने और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। सिकंदर प्रधान ने कहा कि हरियाणा की धरती पर बेटियां असुरक्षित महसूस कर रही हैं। भिवानी की मनीषा के साथ हुई घटना पूरे प्रदेश के लिए शर्मनाक है। इस पर सरकार का रवैया असहनीय है। उनके अनुसार अगर जल्द ही मनीषा को न्याय दिलाने के ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो युवा कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन तेज करेगी। यह लड़ाई किसी एक परिवार की नहीं, बल्कि हर बेटी की सुरक्षा और सम्मान की है।

### करीब 39 साल तक चली अदालती लड़ाई

# सुप्रीम कोर्ट में लोक निर्माण विभाग केस हारा, अब दफ्तर किया खाली

### पीडब्ल्यूडी ने रेस्ट हाउस में शिफ्ट किया अपना दफ्तर

रवींद्र राठी ▶▶| बहादुरगढ़

चार दशक तक चली अदालती लड़ाई में लोक निर्माण विभाग हार गया है। इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी का दफ्तर अब रेस्ट हाउस में शिफ्ट हो गया है। विदित है कि करीब 2600 वर्ग गज भूमि पर मालिकाना हक प्राप्त करते के लिए पूर्व विधायक राजेंद्र जून का परिवार 39 सालों से अदालत में लड़ाई लड़ रहा था। पक्ष में निर्णय आने के बाद उन्होंने एक्सईएन का निवास करीब 5 साल पहले खाली करवा लिया था। अब दफ्तर भी खाली हो रहा है। भवन में लगी सामग्री को नियमानुसार निलाम कर दिया गया है। जिसके बाद ठेकेदार द्वारा इसे तोड़ा जा रहा है।

बता दें कि शहर के रोहतक रोड पर लोक निर्माण विभाग का कार्यालय और उसके सामने दिल्ली रोड पर पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता का निवास था। लोक निर्माण विभाग और जमीन मालिकों के बीच इस करीब 2600 गज भूमि का विवाद 39 साल से चला आ रहा था। दरअसल, अमीन लाल पुत्र गुरदयाल व अशोक जून पुत्र सूरजमल द्वारा 28 मार्च 1981 को राज्य सरकार व लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता के विरुद्ध बहादुरगढ़ की सिविल जज अदालत में 115 नंबर केस दर्ज किया था। जिसमें 2 मई 1986 को खसरा नंबर 2348 व 2458 की 18 बिसवा पुख्ता जमीन की डिक्री अमीन लाल व अशोक जून के नाम की गई थी। सरकार व पीडब्ल्यूडी ने अदालत के इस निर्णय को 25 जुलाई 1986 को रोहतक जिला अदालत में चुनौती दी। जिसमें 8 अक्तूबर 1987 को निचली अदालत के निर्णय को पलट दिया और फैसला सरकार के पक्ष में सुना दिया। फिर 9 दिसंबर 1987 को यह मामला पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में चला गया। जहां करीब 31 साल तक सुनवाई चलती रही। हाईकोर्ट ने 31 जनवरी 2019 को जिला अदालत के निर्णय को पलटते हुए निचली अदालत द्वारा की गई डिक्री को सही ठहरा दिया। जिसके बाद अमीन लाल के वारिस के रूप में विक्रम जून तथा अशोक जून ने बहादुरगढ़ के अतिरिक्त सिविल जज की अदालत में 3 मई 2019 को दायर याचिका में निचली अदालत के निर्णय को एग्जीक्यूट करवाने की गुहार लगाई। न्यायधीश दीप्ति की अदालत ने 3 जनवरी 2020 को जारी आदेश में बैलिफ को 6 फरवरी तक इस भूमि का कब्जा विक्रम जून तथा अशोक जून को देने के निर्देश दिए थे। इसके तहत विक्रम जून ने पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता के निवास पर एग्जीक्यूशन करवा ली। लेकिन मामला मीडिया में उछलने के बाद सरकार हरकत में आई और पीडब्ल्यूडी के दफ्तर का कब्जा देने से इंकार कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दी गई। अब वहां सरकार को मुंह की खानी पड़ी और जून परिवार के पक्ष में फैसला हो गया। जिसके बाद पीडब्ल्यूडी ने दफ्तर खाली कर दिया है। इसे शहर थाना से सटे पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में शिफ्ट कर दिया गया है।



बहादुरगढ़। पीडब्ल्यूडी बीएंडआर कार्यालय के भवन को तोड़ते श्रमिक।

### कोर्ट के आदेश पर कब्जा छोड़ा

जमीन के मालिकाना हक को लेकर सर्वोच्च अदालत के आदेश की पालना की जा रही है। कोर्ट के आदेश अनुसार दफ्तर खाली कर दिया गया है। इसे फिलहाल रेस्ट हाउस में शिफ्ट कर दिया गया है। सांखोल से आगे एक जगह भी चिह्नित की गई है। भवन में लगी सामग्री भी नियमानुसार निलाम कर दी गई है। कोर्ट के आदेश अनुसार जमीन पर कब्जा छोड़ा गया है।

*- अनिल रोहिल्ला, एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर*

### हादसे में 32 चपेट में आए थे, चार मजदूरों की चली गई थी जान

# केएमपी हादसा: गमगीन माहौल में परिजन शवों को अपने गांव ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

केएमपी एक्सप्रेस-वे पर दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के शवों का पुलिस ने वीरवार को पोस्टमार्टम करा दिया। गमगीन माहौल में परिजन शवों को अपने गांव ले गए। वहीं पीजीआई में भर्ती घायलों की हालत में भी सुधार हो रहा है। दरअसल, मजदूरों से भरी पिकअप गाड़ी उत्तर प्रदेश से महेंद्रगढ़ जा रही थी। बुधवार की अल सुबह करीब तीन बजे गाड़ी जसोरखेड़ी के पास केएमपी पर रास्ता पूछने के लिए रोकी गई थी। इस दौरान एक अन्य ट्रक चालक सचिन भी उनसे रास्ता पूछने आ गया। इसी बीच पीछे से एक कैंटर ने पिकअप को टक्कर मार दी। इस दौरान 32 लोग चपेट में आ गए। चार की मौत हुई और बाकी घायल हुए। बुधवार को विजयपाल के शव का पोस्टमार्टम हो गया था। लेकिन परिजन न आने के कारण बाकी शव रह गए। सचिन, कलावती व उसके बेटे अनूप के शवों का पोस्टमार्टम वीरवार को हुआ। पांच भाइयों में दूसरे नंबर का 19 वर्षीय सचिन हरदोई का रहने वाला था। पिछले तीन साल से ड्राइविंग कर रहा था और अविवाहित था। वहीं, कलावती व उसका बेटा अनूप बस्सैया यूपी के रहने वाले थे। घर चलाने के लिए दोनों मां, बेटा मजदूरी करते थे। पुलिस का कहना है कि आरोपी कैंटर चालक की तलाश की जा रही है। वहीं, पीजीआई में भर्ती घायलों की सेहत में भी सुधार हो रहा है।



**पुलिस ने शवों के कराए पोस्टमार्टम, घायलों की हालत में भी हो रहा सुधार**

### स्मैक सहित एक पकड़ा

**झज्जर।** एसटीएफ टीम द्वारा मादक पदार्थ स्मैक सहित एक आरोपी को पकड़ा है। एसटीएफ प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि मुकेश निवासी खेड़ी खुम्मार नशीला पदार्थ लिए हुए राव मंगली राम चौक जहाजगढ़ मोड फ्लाईओवर के नजदीक मोटरसाइकिल पर नशीला पदार्थ लिए हुए बेचने के लिए खड़ा हुआ है। पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर उसे पकड़ा गया। उसके पास से 2.05 ग्राम स्मैक मिला। आरोपी की पूछताछ में पहचान मुकेश निवासी खेड़ी खुम्मार के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार आगामी कार्यवाई अमल में लाई जा रही है।

## वैट्रन सोसायटी सदस्यों ने किया मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित



झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित वैट्रन सोसायटी पदाधिकारी, अतिथि एवं विद्यार्थी।

**झज्जर।** इंडियन वैट्रन सोसायटी की टीम द्वारा क्षेत्र के राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल खातीवास में कार्यक्रम का आयोजन कर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आयुष विभाग से पंचकर्म विशेषज्ञा डॉक्टर ज्योति ने मुख्यातिथि तथा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित नेहा गुलिया ने विशिष्टातिथि के रूप में शिरकत की। विद्यार्थियों को मेहनत और लगन के साथ शिक्षा अर्जित करने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत सिर्फ सही मार्गदर्शन और सहयोग की है। इंडियन वैट्रन सोसायटी के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने बताया कि सोसायटी की यह पहल शिक्षा को बढ़ावा देने और बच्चों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना जगाने के उद्देश्य से की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ-साथ उन्हें शिक्षण सामग्री भी भेंट की गई। सोसायटी पदाधिकारियों ने कहा कि गांव का सरकारी स्कूल बच्चों को बेहतरीन शिक्षा देने के लक्ष्य लेकर कार्य कर रहा है। इस मौके पर लक्ष्मण यादव, वीरेंद्र यादव, उमेद सिंह, वैट्रन भूप सिंह सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# जटवाड़ा में गोली चलने की अफवाह पर दौड़ी बहादुरगढ़ पुलिस

**बहादुरगढ़।** बुधवार देर रात को गोली चलने की सूचना पर बहादुरगढ़ पुलिस दौड़ पड़ी। लेकिन मौके पर जब पहुंची तो कुछ नहीं मिला। गोली चलने की सूचना झूठी निकली। जिसके बाद पुलिस वापस लौट गई।

मामला जटवाड़ा का है। दरअसल, बुधवार की देर रात को किसी ने सूचना दी कि जटवाड़ा में नजफगढ़ रोड के निकट मकान के बाहर फायरिंग की गई है। वीटी हुई तो स्थानीय पुलिस हरकत में आई। कुछ ही देर में सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद सूचना देने वालों से पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक, मौके पर फायरिंग होने संबंधित कुछ नहीं मिला। सामने आया कि वहां मौजूद कुछ लोगों में आपस में कहासुनी हुई थी। इसी के चलते सूचना दे दी गई। वीरवार की देर शाम तक भी मामले में किसी की तरफ से इस संबंध में कोई शिकायत भी नहीं दी गई थी। सिटी थाना प्रभारी दिनकर सिंह ने बताया कि रात को वीटी हुई थी तो मौके पर जाकर जांच की। जांच में सूचना झूठी निकली। बता दें कि पिछले कुछ समय से डायल 112 पर झूठी सूचनाएं देने के मामले भी बढ़े हैं।

कभी झगड़े तो कभी अन्य मामलों की सूचना पुलिस को दे दी जाती है। जब पुलिस आती है तो मौके पर कुछ नहीं मिलता। इन झूठी सूचनाओं से पुलिस की भागदौड़ और परेशानी दोनों बढ़ी रहती है।

### बहादुरगढ़ एसटीएफ की टीम ने दिया कार्रवाई को अंजाम, दोनों बदमाश गिरफ्तार

# एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में दो बदमाशों को लगी गोली

### एसटीएफ पलवल टीम पर हमले में शामिल थे दोनों बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एसटीएफ बहादुरगढ़ व सेंट्रल गुरुग्राम की संयुक्त टीम ने गुरुग्राम के गढ़ी हरसरु रोड पर वीरवार की तड़के मुठभेड़ के बाद दो कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पांव में गोली लगी है। पुलिस ने मौके से दो अवैध पिस्टल और 9 खाली कारतूस बरामद किए हैं। पकड़े गए दोनों बदमाश रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय सदस्य बताए जा रहे हैं।

बीती रात को सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर राकेश कुमार व एसआई संदीप के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों को घेरने की कोशिश की। वीरवार की अल सुबह करीब तीन बजे पुलिस के साथ बदमाशों का आमना सामना हुआ। टीम को देखते ही बदमाशों ने भागने की कोशिश की और जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान छह गोलियां दागी गईं, जिनमें से दो गोलियां एसटीएफ के एएसआई विकास और पीएसआई मनोज की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। पुलिस ने पहले आत्मसमर्पण की चेतावनी दी, लेकिन जब बदमाश लगातार फायरिंग करते रहे तो जवाबी कार्रवाई में तीन फायर किए। इसमें दोनों आरोपियों के पांव में गोली लगी और उन्हें काबू कर लिया गया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान यशपाल और नितिन निवासी गांव ओलांत जिला रेवाड़ी के रूप में हुई है। दोनों को ईलाज के लिए सेक्टर-10 स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल सामने आया कि दोनों बदमाश रेवाड़ी में एसटीएफ पलवल टीम पर हमले में शामिल रहे हैं। उस हमले में एसटीएफ इंचार्ज गोली लगने से घायल हो गए थे। नितिन के खिलाफ रेवाड़ी में चोरी, मारपीट, लड़ाई-झगड़े और पॉक्सो एक्ट समेत कुल सात मामले दर्ज हैं। जबकि गुरुग्राम में शस्त्र अधिनियम के तहत भी एक केस दर्ज है। वहीं, यशपाल पर पुलिस टीम पर हमला करने और शस्त्र अधिनियम के तहत मामले दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। दोनों को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी। मामला थाना सेक्टर-10 गुरुग्राम में दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।



बहादुरगढ़। अस्पताल में उपचारधीन बदमाश।

### गांव दूबलधन में दर्दनाक घटना, सदमे में परिवार

# मातम में बदलीं छठी की खुशियां संदिग्ध हालत में महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव दूबलधन में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे परिवार को उस समय गहरे सदमे में डाल दिया जब करीब 24 वर्षीया अंजलि पत्नी दीपक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। देर रात अंजलि की असमय मौत से गांव में शोक की लहर है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अंजलि ने बीती 15 अगस्त को स्थानीय नागरिक अस्पताल में सामान्य प्रसव से एक स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया था। 18 अगस्त को उसे अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी। परिवार में पहली संतान के आगमन की खुशियां थीं और बुधवार की रात नवजात शिशु की छठी मनाई जा रही थी। परिवार के सदस्य नाच-गाकर खुशियां मना रहे थे। पुत्र रतन की प्राप्ति पर दीपक के घर पहुंच कर लोग बधाई दे रहे थे। इसी दौरान अचानक अंजलि के पेट में तेज दर्द उठा और उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति दीपक खेड़ी बत्तर गांव में माइनिंग कार्य में मुंशी के पद पर कार्यरत हैं। करीब दो वर्ष पूर्व ही अंजलि और दीपक का विवाह हुआ था। पुत्र का जन्म उनके जीवन का सबसे बड़ा सुख था, लेकिन छठी की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। मामले के जांच अधिकारी गोपालदास ने बताया कि इस मामले में मृतका के शव का पोस्टमार्टम चिकित्सकीय बोर्ड से कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



झज्जर। गुरुवार को पोस्टमार्टम के दौरान अस्पताल परिसर में उपस्थित परिजन एवं पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि



कहानी
अशोक जोशी

बबलू की कुछ शब्द अटक कर और तुतला कर बोलने की आदत थी। इस कारण स्कूल में बच्चे उसकी हंसी उड़ाते थे। लेकिन क्लास के एक साथी की मदद से बबलू बिना तुतलाए धड़ल्ले से ऐसे बोलने लगा कि इसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। बबलू के साथ यह कमाल हुआ कैसे?

# जीत गया बबलू




बबलू के पापा मिस्टर शाह भारत सरकार के वित्त विभाग में कार्यरत हैं। उनका ट्रांसफर रायपुर से जबलपुर हुआ तो वह पूरे परिवार को लेकर वहां आ गए। उन्होंने बबलू का एडमिशन शहर के एक अच्छे और नामी-गिरामी स्कूल में करवाया। बबलू के साथ एक दिक्कत यह थी कि वह बोलते समय किसी-किसी शब्द पर अटक जाता था। साथ ही वह कुछ अक्षरों का उच्चारण करते समय तुतलाता भी था, जैसे- 'क' को वह 'त' बोलता था।

रायपुर के स्कूल में तो वह बचपन से पढ़ रहा था। वहां के सहपाठियों में वह घुल-मिल गया था। कोई उसकी इस कमजोरी का मजाक नहीं उड़ाता था। अब बबलू को चिंता होने लगी कि नए स्कूल में नए सहपाठी उसके साथ कैसा व्यवहार करेंगे?

अगले दिन बबलू अपने स्कूल पहुंचा तो उसे वहां का माहौल एकदम अलग और नया-नया सा लगा। बच्चे भी ज्यादा स्मार्ट दिखाई दिए। उसने एक लड़के से पूछा, 'त्यों, पांचवीं बी त्ला..त्लास तहां है?' लड़के ने बबलू पर हंसते हुए पूछा, 'तो नए आए हो?' बबलू ने कहा, 'हां, पिछले दिनों रायपुर से आया हूं।' वह लड़का बबलू को अपने साथ क्लास में लेकर गया और सभी बच्चों से बोला, 'यह हमारी क्लास का नया स्टूडेंट है। सभी लोग इससे 'क्यों' बोलने को कहें।' जब बच्चों ने बबलू से 'क्यों' कहने को कहा, तो बबलू अपने स्वाभाविक रूप से बोला 'त्यों'। उसी दिन से सारे बच्चे उसे 'त्यों-त्यों' कहकर चिढ़ाने लगे।

बबलू की क्लास में शेखर नाम का एक छात्र भी था। उसके पिता स्पीच थेरेपिस्ट थे। शेखर को बबलू की बातें सुनकर पता चल गया कि इसे अटक कर बोलने और कुछ शब्दों को तुतला कर बोलने की आदत है। उसने बबलू को अपने पास बैठाया और कहा कि वह धैर्य से काम ले, साथी छात्रों की बातों पर ध्यान न दे। रात को शेखर ने अपने पापा (डॉक्टर सक्सेना) को सारी बात बताई। उन्होंने कहा, 'रविवार को तुम बबलू और उसके पापा को अपने यहां बुला लो, मैं उसकी समस्या देखकर इसका इलाज करता हूं।'

शेखर ने बबलू को अपने पापा के साथ घर आने को कहा। रविवार को बबलू अपने पापा के साथ शेखर के घर पहुंचा। जान-पहचान के बाद शेखर के पापा ने बबलू के पापा से पूछा, 'इसे यह समस्या कब से है?'

'जी, कोई छह सात साल पहले से।' बबलू के पापा ने बताया। डॉक्टर सक्सेना, बबलू को लेकर अपने घर के बाहर बने क्लिनिक पहुंचे। उन्होंने कुछ यंत्रों से उसके गले को अच्छी तरह से देखा फिर उससे कुछ शब्द लिखकर बुलवाए। इसके बाद वह बबलू को लेकर घर में आ गए। उन्होंने बबलू के पापा से कहा,'चिंता की कोई बात नहीं है। बबलू के गले या स्वर यंत्र में कोई समस्या नहीं है। कभी-कभी बचपन में तुतलाहट या आस-पास बोले जाने वाले शब्दों को दोहराने की आदत से बच्चों में कुछ शब्दों पर अटकने और कुछ शब्दों को बोलने में तुतलाहट आ जाती है। लेकिन लगातार अभ्यास से इसमें सुधार हो सकता है। इसके लिए मैं आपको कुछ एक्सरसाइज बताता हूं। इसे लगातार करने से तीन-चार महीने में फायदा हो जाता है।'

'डॉक्टर साहब मैं आपका आभारी रहूंगा।' बबलू के पिताजी ने हाथ जोड़ते हुए कहा।

'जी, इसकी कोई जरूरत नहीं है। मेरे लिए जैसा शेखर है, वैसा ही बबलू है।' डॉक्टर सक्सेना ने विनम्रता से जवाब दिया। फिर उन्होंने शेखर को बुलाकर कहा कि वह क्लास में बबलू को अपने पास में बैठाए। उन्होंने कुछ शब्द लिखकर दिए और बोले, 'बबलू, जब तक तुम्हारा उच्चारण सुधर नहीं जाता, तुम परेशानी वाले शब्दों की जगह उससे मिलते-जुलते दूसरे शब्दों का प्रयोग करना। यह हमारी हिंदी भाषा की विशेषता है कि इसने हमें कई पर्यायवाची शब्द दिए हैं। तुम क्यों की बजाए 'व्हाय' बोलना। फिर देखना कोई तुम्हें परेशान नहीं करेगा। दूसरे दिन से बबलू ने शेखर के पास बैठना शुरू कर दिया। स्कूल से छूटने के बाद घर आकर वह डॉक्टर सक्सेना द्वारा बताई गई एक्सरसाइज कर शब्दों का सही उच्चारण का अभ्यास करने लगा। लेकिन उसने स्कूल में किसी को नहीं बताया था कि वह स्पीच थैरेपी की प्रैक्टिस कर रहा है। कुछ दिनों बाद जब स्कूल का वार्षिक कार्यक्रम था तो बबलू ने भाषण की बहुत प्रैक्टिस की। जिस दिन भाषण प्रतियोगिता थी, बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी आए थे। जब भाषण के लिए बबलू के नाम की घोषणा हुई तो खूब तालियां बजीं। यह तालियां बबलू का उत्साह बढ़ाने के लिए नहीं थीं बल्कि बच्चों ने समझा कि भाषण में जब बबलू अटकेगा और तुतलाकर बोलेगा तो बड़ा मजा आएगा। बबलू मंच पर आया। उसने सभी का अभिवादन कर धीरे-धीरे जब अपना भाषण आरंभ किया तो बच्चे एक-दूसरे का मुंह देखने लगे। उन्हें अपने कानों पर विश्वास नहीं हुआ कि यह सब बबलू बोल सकता है। बबलू ने अपने भाषण में उन सभी शब्दों का प्रयोग किया, जिन पर वह अटक जाता था या तुतलाता था। सब हैरान थे कि बबलू धाराप्रवाह बोले जा रहा था। जब बबलू का भाषण समाप्त हुआ तो पहले से भी ज्यादा जोर से तालियां बजीं। प्रतियोगिता के बाद जब परिणाम घोषित हुआ तो बबलू को सेकेंड प्राइज मिला था। यह उसके लिए पहले पुरस्कार से भी ज्यादा मूल्यवान था, क्योंकि उसने नियमित अभ्यास और धैर्य से अपनी कमजोरी पर काबू पा लिया था। *

# क्यों होते हैं कारों के अलग-अलग रंग के नंबर प्लेट

बच्चो, तुमने नोटिस किया होगा कि गाड़ियों की नंबर प्लेट अलग-अलग रंग की होती हैं। किस कलर की नंबर प्लेट किस तरह की गाड़ियों में लगाई जाती है, यह तुम्हें जानना चाहिए।

नॉलेज टॉक
आलोक कुमार दुबे







उस दिन नयन अपने नानाजी के साथ स्कूटी पर आगे खड़े होकर जा रहा था। जब भी कोई कार सामने आती, वह उसका नाम लेकर उस कार के बारे में बोलता जाता, 'नानू, यह देखो एक और टाटा पंच, यह मारुति वैगनआर और यह टाटा नैनो। यह गाड़ी ब्रेजा है, यह मेरे फूफा जी के पास भी है।' असल में नयन को सड़क पर चलते समय कारों को उनके मॉडल और कंपनी के नाम से पुकारने का शौक है।

'अच्छा नयन, तुम कार को देखकर यह तो बता देते हो कि यह कौन सी कार है, लेकिन क्या उसकी नंबर प्लेट देखकर तुम बता सकते हो कि यह किस तरह की कार है?' नानाजी ने नयन से पूछा।

'किस तरह की कार, मतलब?' नयन को नानू की बात समझ में नहीं आई।

'अरे भई, देखो आगे जो कार जा रही है, उसकी नंबर प्लेट पीले रंग की है, जबकि और कारों की नंबर प्लेट सफेद रंग की, कुछ कारों की हरे रंग की भी हैं, ऐसा क्यों?'

नानाजी के इस सवाल से नयन सोच में पड़ गया। वह पीछे घूमकर नानाजी की तरफ देखकर बोला, 'नहीं, मुझे नहीं पता नानू! आप बताइए न!'

'अच्छा चलो, मैं बताता हूं। सफेद रंग की नंबर प्लेट वाली कार प्राइवेट कार होती है, जिसे हम पर्सनल यूज के लिए खरीदते हैं।' नयन बीच में ही बोल पड़ा, 'जैसे पापा की होंडा सिटी...!'

'हां, बिल्कुल वैसे ही।' नानाजी हंसते हुए बोले।

'जबकि पीले रंग की नंबर प्लेट वाली गाड़ियां सार्वजनिक वाहन या किराए की गाड़ियां होती हैं, जिनकी सेवाएं हम समय-समय पर लेते रहते हैं।' नानाजी ने आगे बताया।

'और नानू, हरे रंग की नंबर प्लेट किस तरह की गाड़ी में लगी होती है?' नयन ने पूछा।

तभी एक हरे रंग की नंबर प्लेट वाली कार सामने से गुजरी, नयन बोला, 'अरे देखो नानू, हरे रंग की नंबर प्लेट वाली टाटा पंच।'

'हां, इसकी नंबर प्लेट हरे रंग की है यानी कि यह बैटरी से चलने वाली कार है।' नानू ने बताया।

'अच्छा! बिल्कुल मेरी छोटी कार की तरह, जिसे मैं मजे से चला लेता हूं।' नयन चहक कर बोला।

'हां, बिल्कुल तुम्हारी छोटी कार की तरह ही, बस इसमें बैटरी ज्यादा संख्या में और ज्यादा बड़ी होती है।' नानू ने बताया।

तभी एक ई-रिक्शा आता हुआ दिखाई दिया। नयन बोला, 'देखो नानू, इस ई-रिक्शा की नंबर प्लेट भी हरे रंग की है। मतलब यह भी बैटरी से चलता होगा।'

'हां-हां, बिल्कुल सही समझा तुमने!' नानाजी बोले।

इस तरह बातों-बातों में नयन और उसके नानाजी अपने गंतव्य तक पहुंच चुके थे। *

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## दादा जी


एआई इमेज

ये दादा, मैं इनका पोता,
इनके साथ जागता-सोता।
दादा जी के आस-पास ही
सारा दिन मैं अक्सर होता।
गुस्सा होते नहीं कभी भी,
इनको प्रिय है दूध-दही-घी।
अस्सी बर्ष उम्र है इनकी,
लेकिन चुस्त-दुरुस्त अभी भी।
श्वेत वस्त्र हैं, श्वेत ही दाढ़ी,
गाते मीठे गीत पहाड़ी।
इनको पैदल चलना भाता,
नहीं सुहाती मोटर-गाड़ी।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## मारी के संघर्ष की कहानी




बच्चो, अपना घर सभी को प्यारा होता है। जंगली जानवरों के लिए जंगल ही उनका घर होता है। इस चित्र-पुस्तक में नन्ही-सी हथिनी 'मारी' के माध्यम से जंगली हाथियों की मुश्किलों और उनकी चुनौतियों का किस्सा कहा गया है। गर्मियों में जब हवा में नमी कम हो जाती है, तब जंगल की घास सूख जाती है। गर्मी से तालाबों का पानी भी सूखकर कम हो जाता है। इधर हमारे शहर बढ़ रहे हैं, नई-नई सड़कें बन रही हैं, जंगल की जमीन कम हो रही है। ऐसे में हाथियों को अपने चारा-पानी की तलाश में दूर-दूर तक जाना पड़ता है। इस किताब की कहानी की नन्ही हथिनी 'मारी' अपने ऐसे ही एक सफर में बहुत कुछ देखती, झेलती और महसूस करती है। यह सभी जंगली हाथियों के संघर्ष की कहानी है, जिसे 'मारी का सफर' के माध्यम से दिखाया गया है। इस किताब में कहानी के अनुसार पूरे-पूरे पृष्ठ के रंग-बिरंगे चित्र भी बने हैं। *

**किताब**: मारी का सफर, **लेखिका**: लावण्या कार्तिक, **अनुवाद**: सीमा, **मूल्य**: 70 रुपए, **प्रकाशक**: एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

बच्चो, छोटे-बड़े सभी जंतुओं को अपने से बड़े शिकारी जंतुओं से हमेशा खतरा रहता है। इसीलिए प्रकृति ने कई जंतुओं को ऐसी खूबियां दी हैं, जिनकी बदौलत वे अपने शिकारी को आसानी से चकमा दे देते हैं। ऐसे ही कुछ जंतुओं के बारे में जानो।

# शिकारियों को चकमा देने वाले ये अजब-अनोखे जंतु

जंतु जगत
रजनी अरोड़ा

बच्चो, प्रकृति ने दुनिया के हर छोटे-बड़े जंतु को दूसरे जानवरों से अपना बचाव करने के लिए कोई न कोई विशेषता प्रदान की है। किसी की अनोखी शारीरिक संरचना शिकारियों से बचाव में मददगार होती है तो कुछ जंतु थोड़े समय के लिए कोई ऐसी गतिविधि करते हैं कि उनका शिकार करने वाला जंतु चकरा जाता है, प्रयास करके हार जाता है या फिर डरकर भाग जाता है। यहां हम ऐसे ही कुछ जंतुओं के बारे में बता रहे हैं।

**आर्मडीलो हार्ड प्लेटेड कवर से करता है सुरक्षा:** आर्मडीलो नामक जंतु के शरीर पर



छोटी-छोटी प्लेट्स का बहुत ही कठोर कवर होता है। किसी भी शिकारी के हमले का आभास होने पर यह अपने शरीर को बड़ी खूबी से हार्ड बॉल की तरह कर्ल कर खुद को सुरक्षित कर लेता है। शिकारी जंतु तमाम कोशिशों के बावजूद कवर्ड आर्मडीलो के हार्ड प्लेटेड कवर्ड कर्ल को नहीं खोल पाता है।



**ब्लोफिश बैलून जैसा फुला लेता है शरीर:** ब्लोफिश, बड़े आकार की शिकारी मछलियों से अपना बचाव करने के लिए अपनी गर्दन में मौजूद गुब्बारेनुमा झिल्ली में पानी भर कर बड़े गुब्बारे जैसा फूल जाती है। इसके बड़े आकार को देखकर कई बार हमलावर बड़ी मछली डरकर इससे दूर भाग जाती है। जब हमलावर मछली चली जाती है, तो ब्लोफिश मुंह से पानी निकाल कर दुबारा अपने असली साइज में आ जाती है।

**कटलफिश शरीर फुलाकर डराती है कांटों से:** कटलफिश को जब किसी शिकारी जंतु से



खतरा महसूस होता है तो वह एक साथ ज्यादा पानी पीकर अपने शरीर को बॉल की तरह फुला लेती है। इससे इसके शरीर के चारों ओर कांटे उभर आते हैं। इससे शिकारी जंतु दूर भाग जाता है। शिकारी के चले जाने पर कटलफिश अपने शरीर से पानी निकालकर सामान्य अवस्था में आ जाती है।

**पोरकुपाइन कांटों को बना लेता है हथियार:** पोरकुपाइन (सेह) के शरीर की सतह पर लंबे, कठोर और पैने कांटे होते हैं। किसी शिकारी जंतु के हमले का अंदेशा होने पर सेह अपने शरीर को अकड़ा लेता है, जिससे उसके कांटे सीधे हो



जाते हैं। शिकारी के पास आने पर वह कांटों की बौछार कर उसे घायल कर देता है और खुद भाग निकलता है। *

### ये जंतु भी देते हैं शिकारियों को धोखा



**जिस तरह** गिरगिट अपना रंग बदलकर शिकारी को धोखा देता है, उसी तरह ऐसे कई और जंतु हैं, जो अपने रंग और शारीरिक संरचना के कारण शिकार होने से बच जाते हैं। पेड़ की टहनी की तरह दिखने वाला लंबा और पतला वॉकिंग स्टिक इंसेक्ट, हरे पत्तों की तरह दिखने वाला लीफ इंसेक्ट, ग्रीन, ब्राउन और पिंक कलर के मैनतीज, झींगुर या ग्रासहोपर जैसे इंसेक्ट्स इसी केटेगरी में आते हैं। ये अगर घास या पेड़ों पर बैठ जाएं तो वहां के रंग और वातावरण में इस तरह घुल-मिल जाते हैं कि अपने शिकारियों को ये नजर ही नहीं आते। ऐसे ही बटरफ्लाइज और मॉथ भी अपने आस-पास के वातावरण जैसे दिखते हैं। पारदर्शी पंखों वाली ग्लासविंग बटरफ्लाई, सूखी पत्तियों के समान रंगत वाली लीफ बटरफ्लाई और पेड़ के तने की छाल से मेल खाते पंखों वाला स्फीनिक्स मॉथ बड़ी आसानी से हमलावरों से अपना बचाव कर लेते हैं।

छोटी कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

किसी काम को पूरा करने की लगन हमारे भीतर हो तो वह एक ना एक दिन किसी भी रूप में पूरा होता ही है, इसलिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए, हार नहीं माननी चाहिए।

## लहरों की सीख

एक दिन पुलपुल को समुद्र किनारे उदास बैठे देखकर मम्मी ने पूछा, 'क्या हुआ, आज रेत का घरौंदा नहीं बना रहे?'

पुलपुल ने रुंआसा होकर जवाब दिया,'क्या करूंगा बनाकर? रोज बनाता हूं, दूसरे दिन वापस आकर जब देखता हूं तो लहरें घरौंदे का नामोनिशान मिटा देती हैं।'


एआई इमेज

मम्मी ने मुस्कुराकर कहा, 'बस! इतने में ही घबरा गए बेटा। जीवन में बहुत बार ऐसा होता है। हमें बिना हिम्मत हारे प्रयास करने चाहिए। कभी ना कभी सफलता मिलती ही है। फिर से घरौंदा बनाने की कोशिश करो, लेकिन लहरों से जरा दूर घरौंदा बनाओ।'

पुलपुल ने लहरों से दूर घरौंदा बनाया, इसके बाद भी पुलपुल के बनाए घरौंदे रोज टूटते रहे, लेकिन उसने अपना घरौंदा बनाना बंद नही किया।

कुछ समय बाद पुलपुल के स्कूल में एक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों को क्ले यानी मिट्टी से घर बनाना था। पुलपुल ने भी इस प्रतियोगिता में घर बनाया। दोपहर में पुलपुल जब स्कूल से लौटा तो खुश था। वह चहकते हुए बोला, 'मम्मी, भले ही समुद्र के किनारे बनाया हुआ मेरा घरौंदा रोज टूट जाता है, लेकिन क्ले से बने हुए मेरे घर को फर्स्ट प्राइज मिला है। समुद्र किनारे की गई मेरी प्रैक्टिस आज प्रतियोगिता में काम आई। अब मुझे समझ में आ गया है कि हमें कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए, लगातार मेहनत करनी चाहिए, यह मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। किसी ना किस रूप में सफलता मिलती ही है।'

पुलपुल की बात सुनकर मम्मी ने उसे गले लगा लिया। *

## जीके क्विज-167



1. हाल ही में भारत के 89वें चेस ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
2. वे दो तत्व कौन से हैं, जो समुद्र के पानी को खारा बनाते हैं?
3. हाल में ही मिस इंडिया यूनिवर्स का खिताब किसने जीता?
4. किस खिलाड़ी की याद में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है?
5. भारतीय रिजर्व बैंक का मुख्यालय किस शहर में स्थित है?
6. जब बैरोमीटर का पारा अचानक गिर जाए तो यह किस बात का द्योतक होता है?
7. केन और बेतवा ये दोनों किस नदी की सहायक नदियां हैं?
8. दुनिया में कॉफी सबसे ज्यादा किस देश में पैदा होती है?
9. वायुमंडल में सर्वाधिक मात्रा में कौन-सी गैस पाई जाती है?
10. नियाग्रा जलप्रपात किन दो देशों की सीमा पर स्थित है?

**बच्चो, जीके क्विज-167 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-166 का उत्तर :** 1. 79वां, 2. 1857 ई., 3.महात्मा गांधी, 4.1942 ई., 5.सुभाष चंद्र बोस, 6.बाल गंगाधर तिलक, 7.सी. राजगोपालाचारी, 8.सरदार वल्लभभाई पटेल, 9.रवींद्रनाथ टैगोर, 10.भगत सिंह

**जीके क्विज-166 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, सौरभ-बिलासपुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, दिव्या-रायगढ़, कोमल-महासमुंद, हर्ष-रोहतक, विकास-रायपुर, चेतन-बालोद

## रंग भरो-183

**रंग भरो-183** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




शौर्य, रोहतक


रितेश, मटियारी


भव्या, बिलासपुर


प्रगति, बिलासपुर


गोपिका, ईमेल से


शुभम, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय
सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, महेंद्र-भोपाल, जितेंद्र-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सचिन-करनाल, विराट-बिलासपुर, कुसुम-कोरबा

## रंग भरो 184



बच्चो, यहां एक बहुत ही प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



झज्जर। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो :हरिभूमि

### समाधान शिविर में सुनी गई 23 शिकायतें

**झज्जर।** वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। शिविर में कुल 23 शिकायतें दर्ज हुईं जिन्हें गंभीरता से सुना गया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डीसी ने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निपटारा करना है।

### महिला का पीछा करने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने बाजार में महिला का पीछा करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर 19 अगस्त को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था।

## एसएमडब्ल्यू पर ऑनलाइन हाजिरी का भी किया विरोध

# उल्टी झाड़ू के साथ सफाई कर्मचारियों ने उठाई लंबित मांगों को पूरा करने की आवाज

■ कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना व ठेका प्रथा बंद करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

लंबित मांगों को लेकर नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों के लिए आवाज उठाई। वीरवार दोपहर बाद करीब तीन बजे कर्मचारी यादव धर्मशाला के पास एकत्रित हुए। उसके बाद जुलूस की शक्ल में हाथों में उल्टी झाड़ू व काले झंडे लिए सरकार विरोधी नारे लगाते हुए अंबेडकर चौक तक पहुंचे। नगर पालिका सफाई कर्मचारी यूनियन के इकाई प्रधान शिवम चावरिया ने बताया कि नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर दूसरे दिन भी प्रदर्शन किया गया है। उनकी मुख्य मांगों में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, ठेका प्रथा बंद करना, न्यूनतम वेतन 27 हजार रुपये लागू करना व पांच हजार रुपये जोखिम भत्ता लागू करना शामिल है।

इसके अलावा उनसे एसएमडब्ल्यू पर हाजिरी लगाई जा रही है जो बंद होनी चाहिए। इस मौके पर विकास उज्जैनवाल, गौरव, मुकेश सोनी, राजेश, कृष्ण, सुरेश, शिबू हरिओम, जितेंद्र, धर्मपाल, सुरेंद्र, विकास, कुलदीप, संदीप, शीतल, दया, कमलेश, अंजू, मनीषा, सोनिया, सुषमा, सरोज, ऊषा, बबीता, रेखा, राजदेवी अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। अंबेडकर चौक पर झाड़ू व काले झंडों के साथ विरोध प्रदर्शन करते नगर परिषद के सफाई कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि



बहादुरगढ़। मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ शहर में प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### दूसरे दिन भी किया सफाई कर्मियों ने प्रदर्शन

**बहादुरगढ़।** मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों ने शहर में लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन किया। वीरवार को प्रदर्शन इंदिरा पार्क से शुरू होकर रेलवे रोड होते हुए नगर परिषद गेट पर संपन्न हुआ। इस दौरान कर्मचारियों ने जोरशोर से अपनी मांग उठाई और नारेबाजी की। प्रदर्शन की अध्यक्षता इकाई प्रधान राजेश बालगुहेर ने की, जबकि मंच संचालन जिला प्रधान राजेंद्र तुषामड़ ने किया। कर्मचारियों ने कहा कि सरकार ने 7 अगस्त 2024 को हुए समझौते के बावजूद अब तक वादे पूरे नहीं किए गए। कर्मचारियों ने पक्की भर्ती न करने, पुरानी पेंशन बहाल न करने, ठेका प्रथा समाप्त न करने, जोखिम भत्ता लागू न करने पर नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि गुरुग्राम नगर निगम में 3480 कर्मचारियों की छंटनी समेत अन्य नगर परिषदों व निगमों में हुई छंटनियां वापस ली जाएं। इस दौरान कर्मचारियों ने टीचर मनीषा को भी न्याय दिलाने की मांग उठाई। प्रदर्शन में राज्य संगठनकर्ता राजपाल, वरिष्ठ उप प्रधान लीलाराम, उप प्रधान अजय, सपना, इकाई ऑडिटर सुनील परनाला, कैशियर मुकेश दरोगा, जिला ऑडिटर संदीप टॉक, नंदराम दरोगा सहित अन्य शामिल थे।

# वृद्धाश्रम में हुआ सीनियर सिटीजन सम्मान कार्यक्रम




बहादुरगढ़। वृद्धाश्रम में पौधे लगाते सीनियर सिटीजन। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया व सीजेएम विशाल के कुशल मार्गदर्शन में बहादुरगढ़ स्थित वृद्ध आश्रम में सीनियर सिटीजन सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और नालसा के तत्वाधान में 15 से 21 अगस्त तक /"सम्मान से जीवन, अधिकार से रक्षा" अभियान के तहत कई गतिविधियां हुई। इस दौरान वृद्ध व्यक्तियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए 20 पौधे लगाए गए। यहां बुजुर्गों की शारीरिक जांच की गई। पैरा लीगल वॉलंटियर कर्मजीत छिल्लर ने उपस्थित वृद्धजनों को उनके अधिकारों के बारे में बताया। साथ ही मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अगस्त माह में हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा एक कैंपेन की शुरुआत की गई है। वृद्ध व्यक्ति अपनी समस्याओं को लेकर सोमवार से शनिवार तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झज्जर के कार्यालय में आकर मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। हेल्पलाइन नंबर 01251-252013 पर संपर्क कर सकते हैं या नालसा टॉल फ्री नंबर 15100 पर फोन करके मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में वृद्ध आश्रम इंचार्ज छोटूराम, सुनीता, संदीप, डॉ प्रमोद, डॉ मनोज, स्टॉफ नर्स अनिता व वयजंती आदि मौजूद रहे।

# नुक्कड़ नाटक और समूह नृत्य से जगाई देशभक्ति की अलख



झज्जर। बस स्टैंड पर नाटक की प्रस्तुति देते हुए टीम के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

■ राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग और हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल की ओर से हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया। बस स्टैंड पर प्रस्तुत की गई इन गतिविधियों ने वातावरण को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। टीम ने प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक, देशभक्ति गीत और समूह नृत्य पेश किए। टीम द्वारा पेश किए गए नुक्कड़ नाटकों ने आमजन को यह प्रेरणा दी कि हर भारतीय अपने घर पर तिरंगा फहराकर न केवल अपनी देशभक्ति प्रदर्शित करे, बल्कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहे।

### दादा जयधर मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

**बहादुरगढ़।** गांव नूना माजरा स्थित दादा जयधर शिव मंदिर में वीरवार को शनि देव महाराज व नवग्रह की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान से की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। विधायक राजेश जून ने आयोजकों को 21 हजार रुपये का सहयोग किया। पूजा-अर्चना पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण और यज्ञ के साथ संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश जून, जिला पार्षद संजय दलाल, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून और संजय जून आदि उपस्थित रहे। मंदिर कमेटी ने कार्यक्रम की संपूर्ण जिम्मेदारी संभाली। इस अवसर पर पूर्व सरपंच मंजीत जून, सरपंच मास्टर जयभगवान, पूर्व सरपंच वीरेंद्र कौशिक, जयभगवान उर्फ विजय, मुकेश जून, सूरजभान जून, बिजेंद्र, अनूप सिंह, शमशेर जून, साबर जून, अनिल जून, यशपाल जून आदि गांववासी मौजूद रहे। लोकगायक रमेश कलवाड़िया ने रागनी की प्रस्तुति दी।



बहादुरगढ़। प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूजा अर्चना करते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

# महिला पुलिस टीम ने लाइव डेमो देकर छात्राओं को आत्मरक्षा के टिप्स बताए



बहादुरगढ़। छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए प्रेरित करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार। फोटो :हरिभूमि

■ अशोका इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पुलिस की ओर से वीरवार को अशोका इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। विशेष रूप से प्रशिक्षित महिला पुलिस टीम ने लाइव डेमो देकर छात्राओं को आत्मरक्षा के टिप्स बताए और विपरीत परिस्थितियों में स्वयं को सुरक्षित रखने के उपाय समझाए। कार्यक्रम में महिला मुख्य सिपाही मीना और सिपाही सोनू ने छात्राओं को छेड़छाड़ व हमले की स्थिति में बचाव के तरीके सिखाए। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने कहा कि महिला विरुद्ध अपराधों को रोकने के लिए महिलाओं व छात्राओं का सशक्त और जागरूक होना जरूरी है। महिलाओं की सहायता के लिए डायल 112 और 1091 नंबर उपलब्ध हैं।



झज्जर। वर्कशॉप में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए निदेशक उमेश भूकर गोरिया।

### विद्यार्थियों को किया स्वरोजगार के लिए प्रेरित

**झज्जर।** राजकीय बहुतनीकी संस्थान में विश्व उद्यमिता दिवस पर वर्कशॉप व सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक उमेश भूकर गोरिया ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार अपनाने के लिए जागरुक किया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को तभी सार्थक किया जा सकता है जब युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार शुरू करें और एक सफल उद्यमी बनें। ऐसा करके वे दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने मौजूदा विद्यार्थियों को संस्थान मे चलने वाले विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसे फैशन डिजाइनर, ब्यूटी पार्लर, मोबाइल रिपेयरिंग, घरेलू विद्युत उपकरण सेवा, घरेलू वायरिंग, कंप्यूटर अकाउंटिंग और ऋण योजनाओं से अवगत कराते हुए बैंक में खाता खुलवाने, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा और जीवन ज्योति बीमा योजना से जुड़ी जानकारी भी दी।

# स्टार्टअप को लेकर दिया व्याख्यान

■ विद्यार्थियों को वीडियो से भारतीय स्टार्टअप की कहानियां बताईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में वीरवार को विश्व उद्यमिता दिवस मनाया गया। उद्यमिता विकास क्लब द्वारा उद्यमिता पखवाड़ा के अंतर्गत एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ. अनीता दलाल ने विद्यार्थियों को नया व्यवसाय शुरू करने और विभिन्न कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को स्टार्टअप और नए व्यावसायिक विचारों को लेकर जागरुक किया गया। विद्यार्थियों को वीडियो के माध्यम से भारतीय स्टार्टअप की कहानियां बताई गईं।



बहादुरगढ़। व्याख्यान के दौरान उपस्थित विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि



बहादुरगढ़। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करती संगत। फोटो :हरिभूमि

### कृपाल आश्रम की संगत ने किया भंडारा

**बहादुरगढ़।** सावन कृपाल रुहानी मिशन की शाखा कृपाल आश्रम की संगत द्वारा संत कृपाल सिंह महाराज का 51वां बरसी भंडारा आयोजित किया गया। इस दौरान उनके जीवन व उनकी शिक्षाओं के बारे में भी संगत को अवगत कराया। उनके द्वारा किये गए सामाजिक उत्थान के कार्यों की मनमोहक झलकियां वीडियो के जरिये दर्शाई गई। उनकी शिक्षाओं को मौजूदा सतगुरु संत राजिंदर सिंह महाराज देश-विदेश में फैला रहे हैं।

## भक्तों ने की बाबा कांशीगिरी के प्राचीन डंडे के साथ नगर परिक्रमा

# शोभायात्रा के साथ हुआ बाबा कांशीगिरी के वार्षिकोत्सव का आगाज

■ शोभायात्रा के दौरान श्रीराधा कृष्ण व अघोरी बाबाओं की झांकी आकर्षण का केंद्र रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बाबा कांशीगिरी महाराज का 79वां वार्षिकोत्सव वीरवार से शुरू हो गया। कार्यक्रम के पहले दिन नगर में शोभा यात्रा निकाली गई। इससे पूर्व बाबा कांशीगिरी के प्राचीन डंडे का पुष्पाभिषेक किया गया। शोभायात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर, मां वैष्णो चौक, हरिपुरा मोहल्ला, मढ़ी दुर्गा माता मंदिर, सिलानी गेट, भट्टी गेट, बीकानेर चौक, अंबेडकर चौक, मेन बाजार में नेताजी सुभाष चौक, डायमंड चौक, हनुमान मंदिर से होते हुए वापिस मंदिर प्रांगण पहुंच कर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में फारुखनगर स्थित अमरधाम हरिमंदिर के अधिष्ठाता स्वामी उमानंद भी रथ पर सवार रहे। शोभायात्रा के दौरान श्रीराधा-कृष्ण व अघोरी बाबाओं की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में मंदिर संरक्षक श्रवण मदान, प्रधान नरेंद्र मदान, वीके नरूला, लक्ष्मीनारायण कठपालिया, पदम खट्टर, वेद बहल पाशु, प्रदीप कठपालिया, देवराज भूगड़ा, नरेंद्र पाहवा, सुधांशु हंस, आशीष चावला, विनोद भूटानी, सुभाष वर्मा, भारत भूषण नंदा, देवेश शर्मा, योगेश रंजन, मनीष मेहता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। शोभायात्रा में अघोरी बाबाओं की झांकी रही आकर्षण का केंद्र। फोटो :हरिभूमि

### आज स्वामी उमानंद करेंगे अमृत वर्षा

आयोजक समिति प्रवक्ता ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन धर्म प्रचार के अंतर्गत जहां स्वामी उमानंद के प्रचवन होंगे वहीं शनिवार को तरंग उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत संध्या सितारा भगवान कृष्ण के भजनों की मधुर प्रस्तुति देंगे।



बहादुरगढ़। वीरवार को शिविर में समस्याएं सुनते एसडीएम नसीब कुमार।

### शिविर में किया समस्याओं का समाधान

**बहादुरगढ़।** वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम नसीब कुमार ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई की। विभिन्न प्रकार की शिकायत लेकर आए नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को अविलंब समाधान के निर्देश दिए। शिविर में नागरिक परिवार पहचान पत्र, बिजली निगम, राजस्व विभाग, नगर परिषद आदि से संबंधित शिकायत लेकर नागरिक पहुंचे। एसडीएम नसीब कुमार ने कहा कि सरकार के निर्देशों पर नागरिकों की समस्याओं के त्वरित व प्रभावी समाधान के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सभी विभागों के अधिकारी शिविर में उपस्थित रहते हैं और नागरिकों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जाता है। इस अवसर पर तहसीलदार सुदेश मेहरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### डीसी ने मलेरिया और डेंगू की रोकथाम के दिए निर्देश

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि जिला स्तरीय मलेरिया कार्यकारी समिति की बैठक में वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए जो दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। विभिन्न विभाग समन्वय से कार्य करते हुए मलेरिया उन्मूलन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में ठोस कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी एवं विभाग पहले से तैयारियां करें ताकि डेंगू और मलेरिया जैसे रोगों से प्रभावी ढंग से बचाव किया जा सके।

### पति की हत्या आरोपी पत्नी को किया गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा समसपुर निवासी एक व्यक्ति की हत्या मामले में कार्रवाई करते हुए मृतक की पत्नी को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी विवेक मलिक ने बताया कि मृतक विकास की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि दस जून को मेरा लड़का छोछी भट्टे पर काम के लिए गया हुआ था। इसी दौरान मेरे पास फोन अक्षय नाम के व्यक्ति का फोन आया आया कि मेरा लड़का गड्ढे में गिर गया है। मुझे शक है कि मेरे लड़के की हत्या अक्षय और जेसीबी ऑपरेटर ने की है। शिकायत के आधार पर कार्यवाई करते हुए मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए मृतक की पत्नी को गिरफ्तार किया गया है। जिसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी महिला को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जिला स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता: न्यूटन की गति के नियमों पर दिए जवाब

# बेहतर प्रदर्शन करने पर संस्कारम के विद्यार्थियों ने साइंस क्विज के अगले चरण में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- राशी, साक्षी और मन की टीम ने अपनी सूझबूझ से बनाई अपनी जगह।

जिला स्तरीय विज्ञान क्विज में संस्कारम स्कूल की टीम ने अपनी वैज्ञानिक समझ का लोहा मनवाते हुए अगले चरण के लिए स्थान सुनिश्चित किया है। संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने बताया कि बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर उनके संस्थान के विद्यार्थी राशी, साक्षी व मन की टीम ने अपनी सूझबूझ का इस्तेमाल करते हुए अगले लेवल मे अपना स्थान बनाया। क्विज में विभिन्न राउंड थे जिनमें जीव विज्ञान, भौतिकी, रसायन विज्ञान और अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़े सवालों को शामिल किया गया था। संस्कारम स्कूल की टीम ने बजर राउंड और रैपिड फायर जैसे कठिन चरणों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने न्यूटन के गति के नियमों, एनडीए की संरचना और विद्युत धारा जैसे जटिल वैज्ञानिक सिद्धांतों पर सटीक और त्वरित जवाब दिए। चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने इस सफलता पर स्टाफ सदस्यों को बधाई देते हुए विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



**झज्जर।** शिक्षिका के साथ उपस्थित साइंस क्विज के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## जिला स्तरीय विज्ञान क्विज में आरईडी स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**झज्जर।** मंच पर उपस्थित आरईडी के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्थानीय पुलिस लाईन स्थित डीएवी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान क्विज में आरईडी स्कूल छुछकवास के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल प्राचार्या सरिता मल्हान ने बताया कि प्रतियोगिता में नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्क्रीनिंग टेस्ट के आधार पर 8 टीमों का चयन जोनल स्तर के लिए किया गया।

उनके संस्थान से अक्षित, आरजू व खुशमय ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर विद्यालय निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने विजेता टीम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कि ऐसे मंच विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण व प्रतिस्पर्धात्मक भावना को विकसित करते हैं।

## बिग आइडिया चैलेंज में कुनिका प्रथम व करिश्मा द्वितीय और वर्षा तृतीय रही

**झज्जर।** विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में वीरवार को राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में बिग आइडिया चैलेंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट सेल एवं उद्यमिता विकास क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, नवाचार और उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का संचालन रोजगार प्रकोष्ठ प्रभारी दीपक ने किया जबकि निर्णायक मंडल में डॉक्टर प्रियंका, डॉक्टर ज्योति और प्रदीप यादव शामिल रहे। प्रतियोगिता परिणामों में एमकॉम अंतिम वर्ष की छात्रा कुनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि करिश्मा द्वितीय और वर्षा तृतीय रही। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र कुमार पूनिया ने विजेता प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन किया।


**झज्जर।** प्रतियोगिता में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागी छात्रा।



**झज्जर।** शूटिंग बॉल एसोसिएशन सदस्यों व अतिथियों के साथ उपस्थित शूटिंग बॉल टीम के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## नेशनल चैंपियनशिप में खेलने के लिए शूटिंग बॉल टीम रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- बिहार के बोधगया में 22 से 24 तक आयोजित होगी प्रतियोगिता।

बिहार के बोधगया में होने वाली 44वीं नेशनल शूटिंग बॉल चैंपियनशिप में खेलने के लिए हरियाणा की सब जूनियर लड़के व लड़कियों की टीम वीरवार को रवाना हुई। एमेच्योर शूटिंग बॉल एसोसिएशन के संरक्षक जयप्रकाश कादियान ने बताया कि 22 से 24 अगस्त तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में लड़कों की टीम में अंकित, संजीव, लोकेश, मनीष, दक्ष, नूर, शुभम, कृष्ण व सागर वहीं लड़कियों की टीम में निकू, आंचल, रामेश्वरी, रुहानी, मोनिका, शिवानी, सुप्रिया, आरती, तनीषा, महिमा शामिल है। लड़कों की टीम के कप्तान अंकित फतेहाबाद होंगे जबकि लड़कियों की टीम की कप्तान महिमा रहेगी। टीम को दीनबंधु चौधरी छोटूराम धर्मशाला से एमेच्योर शूटिंग बॉल एसोसिएशन के प्रधान तस्वीर सिंह अहलावत, महासचिव मनोज कुमार हुड्डा, डॉक्टर राम प्रकाश अहलावत, एसएचओ किरण देवी, सुरेंद्र ठेकेदार, कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय यादव, डॉक्टर सुनील जाखड़, वेद प्रधान, एडवोकेट, राजकुमार देशवाल, प्रदीप हुड्डा, दीपक यादव, विजय गुढा, मुकेश शर्मा, कृष्ण कुमार, रामानंद दलाल, मास्टर श्रीभगवान यादव, पूनम देशवाल आदि ने रवाना किया।

# लोडिंग वाहनों में यात्रा बन रही मौत का सफर

- लोडिंग वाहनों में तेजी से बढ़ रहा यात्रा करने का प्रचलन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


**बहादुरगढ़।** गत दिवस इस पिकअप गाड़ी में सवार थे दर्जनों प्रवासी।

डंपर, ट्रक, कैंटर, टैंपो, पिकअप और ट्रॉली जैसे वाहन माल ढोने के लिए बनाए जाते हैं। इनका इस्तेमाल सवारियों को ले जाने के लिए किया जाना गैरकानूनी और बेहद खतरनाक है। इसके बावजूद बहुत से चालक लगातार यात्रियों को बैठाकर वाहनों को सरपट सड़क पर दौड़ाते हैं। इसका खामियाजा कई बार हादसों के रूप में भुगतना पड़ता है। केएमपी पर बुधवार तड़के हुए सड़क हादसे में भी यही वजह रही। पिकअप वाहन में बोरों की तरह भरकर 30 लोग यूपी से महेंद्रगढ़ ले जाए जा रहे थे। अचानक हुए हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो दर्जन से अधिक घायल हो गए। बहादुरगढ़ इलाके में पहले भी लोडिंग वाहनों के एक्सीडेंट पर लोगों की मौत के मामले सामने आते रहे हैं। अक्सर मजदूरों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में चालक इन वाहनों का उपयोग करते हैं। इनमें सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं होते और हादसे की स्थिति में बड़ी जनहानि हो जाती है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत लोडिंग वाहनों के केबिन में सिर्फ चालक और परिचालक ही बैठ सकते हैं। पिछले हिस्से में केवल माल रखा जा सकता है। लोगों को बैठाना गैर कानूनी है। इसके उल्लंघन पर चालान, भारी जुर्माना, वाहन सीज होने के साथ ही चालक का लाइसेंस तक रद्द किया जा सकता है। इसके बावजूद सड़कों पर ऐसे वाहन तेज रफ्तार से दौड़ते रहते हैं। धार्मिक स्थलों पर जाने वाले लोग हों या दूसरे प्रदेशों से आने वाले मजदूर, अक्सर इन्हें ऐसे ही लोडिंग वाहनों में ढोया जाता है।

### लोडिंग वाहनों में यात्रा करना गैरकानूनी

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि लोडिंग वाहनों में लोगों को बैठाकर सफर करना गैर कानूनी है। इस मामले में और सख्ती बरती जाएगी। हाइवे पर चेकिंग अभियान चलाया जाएगा और चालकों को जागरूक भी किया जाएगा।

## नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत


**बहादुरगढ़।** नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संजय यादव का स्वागत करते राजेंद्र जून व अन्य।

**बहादुरगढ़।** पूर्व विधायक राजेंद्र जून व अन्य कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संजय यादव का जोरदार स्वागत किया। उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई। भिवानी में मनीषा हत्याकांड पर सरकार की कार्यशैली की आलोचना करते हुए सीबीआई से पूरे प्रकरण की गहनता से जांच करने की मांग की। कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि वे सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को मजबूत करेंगे। कांग्रेस विचारधारा और संगठन के दम पर जनता की आवाज बनकर हमेशा खड़ी रही है और आगे भी जनता के हक की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी। पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि कांग्रेस राज में प्रदेश विकास, रोजगार व अन्य मामलों में नंबर वन प्रदेश था।

# छात्राओं को दिए स्वस्थ रहने के टिप्स

- महाराजा अग्रसेन महिला कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


**झज्जर।** छात्राओं को स्वस्थ्य रहने के उपाय बताते हुए विनय कुमार योगी।

महाराजा अग्रसेन महिला माहाविद्यालय में वीरवार को नारी सशक्तिकरण व पर्यावरण स्वच्छता को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शांतिकुंज हरिद्वार से विनय कुमार योगी ने छात्राओं को नारी शशक्तिकरण, स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, पर्यावरण स्वच्छता विषय पर जागरूक किया। उन्होंने एक चिड़िया की कहानी से वक्तव्य की शुरूआत करते हुए कहा कि जैसे जंगल की आग को बुझाने के लिए एक छोटी चिड़िया यह फिक्र नहीं करती कि उसका आकर छोटा है वो कैसे अपनी चोंच में भरे पानी से आग बुझा सकती है। उसी प्रकार किसी भी अच्छे कार्य की शुरूआत अकेले का करनी होती है। छात्राओं को स्वस्थ दिनचर्या अपनाने की सलाह दी देते हुए एक्यूप्रेशर द्वारा स्वस्थ्य रहने के उपाय बताए। प्राचार्या डॉक्टर चित्रलेखा ने अपने संबोधन में छात्राओं से कहा कि कार्यक्रम में बताए गए छोटे-छोटे बदलाव अपने जीवन में करने से उनके स्वास्थ्य को अवश्य लाभ पहुंचेगा। इस दौरान मंच संचालिका डॉक्टर तितिक्षा रोहिल्ला ने भी संबोधित किया।

# दिल्ली का नाला, लुकसर की परेशानी

- ओवरफ्लो होने से गांव के जलघर, खेल स्टेडियम व खेतों में भरा पानी
- ग्रामीणों ने नजफगढ़ की विधायक को दिया ज्ञापन, समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** दिल्ली का नाला ओवफ्लो होने से लुकसर के जलघर में भरा पानी।

दिल्ली की सीमा से गुजरने वाला निकासी नाला हरियाणा के लुकसर गांव के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। नाला ओवरफ्लो होने से गांव के जलघर और खेल स्टेडियम में जलभराव हो गया है। खेतों में भी जलभराव से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने नजफगढ़ की विधायक नीलम कृष्ण पहलवान को पत्र देकर समस्या के समाधान की मांग की है। ग्रामीणों कहना है कि इसापुर से लेकर मुंडेला खुर्द तक दिल्ली की सीमा में नाला बनाया गया है, जो हरियाणा की तरफ से कमजोर तटबंध के सहारे गुजर रहा है। बरसात में हर बार यह नाला ओवरफ्लो होकर लुकसर गांव में पानी भर देता है। इस बार हालात इतने गंभीर हैं कि जलघर तक पानी पहुंच गया है, जिससे गांव की पेयजल सप्लाई खतरे में है। रास्ते बंद हो गए हैं और स्टेडियम में भी युवा खेल नहीं पा रहे।

### ड्रेन में डाले पानी

ग्रामीणों का कहना है कि अगर जलस्तर यूं ही बढ़ता रहा तो गंदा पानी वाटर टैंक तक पहुंच सकता है, जिससे हजारों लोगों की पेयजल आपूर्ति प्रभावित होगी। जलघर ऑप्रेटर जगबीर, किसान प्रवीण गिल, सन्नी, बादल, सोमबीर आदि ग्रामीणों ने कहा कि केसीबी ड्रेन का लेवल नाले के वाटर लेवल से करीब छह फुट ऊंचा है। यही वजह है कि पानी सीधे ड्रेन में नहीं जा पाता। उन्होंने मांग की है कि यहां पंप लगाकर नाले के पानी को ड्रेन में डाला जाए, जिससे स्थाई समाधान निकल सके। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान होगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

योजना | सीएम नायब सैनी से मिले भाजपा नेता दिनेश कौशिक

योजना पर मुख्यमंत्री से सहमति मिलने का किया दावा

# ‘बहादुरगढ़ में बनेगा गेटवे ऑफ हरियाणा स्वागत द्वार’

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भाजपा के विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक ने चंडीगढ़ में सीएम नायब सैनी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र की विकास संबंधी मांगों और विभिन्न समस्याओं को रखा। साथ ही गेटवे ऑफ हरियाणा स्वागत द्वार व पार्क के निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाई। उनके अनुसार सीएम ने भी इस पर सहमति जताई है।

दिनेश कौशिक ने सीएम नायब सैनी से कहा कि दिल्ली से हरियाणा में प्रवेश करते वक्त एक भव्य स्वागत द्वार होना चाहिए। ताकि यह एंट्री प्रदेश की संस्कृति, पहचान और गौरव का प्रतीक बने। ऐसा द्वार बनने से बहादुरगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे हरियाणा की शान को बढ़ेगी। सीएम नायब सिंह सैनी ने इस मांग को स्वीकार करते हुए अधिकारियों को इसकी फिजिब्लिटी रिपोर्ट तैयार करने और आवश्यक प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए।


**बहादुरगढ़।** सीएम नायब सैनी से मुलाकात करते दिनेश कौशिक।

### यात्रियों के लिए बनेगा आकर्षण

कौशिक ने बताया कि यह स्वागत द्वार हरियाणा की पहचान बनेगा और आने-जाने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। कौशिक ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया। खासतौर पर बहादुरगढ़ शहर और आसपास के क्षेत्रों में सीवर व सड़कों की खस्ताहाल स्थिति का मुद्दा उठाया। सीएम से अनुरोध किया कि बरसात के मौसम के बाद इन सड़कों का तत्काल सुधारीकरण कराया जाए। दिनेश कौशिक के अनुसार मुख्यमंत्री ने उनकी सभी प्रमुख मांगों और सुझावों को स्वीकार कर लिया है। इससे बहादुरगढ़ और आसपास के क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार तेज होगी।

## जिले को सेमग्रस्त से मुक्त बनाने का वैकल्पिक मॉडल करें तैयार


**झज्जर।** बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

**झज्जर।** वीरवार को लघुसचिवालय परिसर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने सिंचाई, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली और जिले को सेमग्रस्त भूमि से मुक्त बनाने की दिशा में प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले की सेमग्रस्त भूमि को किसानों और युवाओं के लिए आय के वैकल्पिक स्त्रोतों से जोड़ा जाए। इस दिशा में सभी विभाग मिशन मोड में कार्य करें और व्यवहार्य प्रोजेक्ट शीघ्र तैयार करें। उन्होंने बताया कि सर्वे रिपोर्ट के अनुसार जिले के 232 गांव सेम की समस्या से प्रभावित रहे हैं। सिंचाई विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार 11 गांवों में वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम से यह समस्या पूरी तरह खत्म हो चुकी है। बाकी 221 गांवों में भी सरकार की योजनाओं के अनुरूप कार्य किया जा रहा है।